**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

**आदेश**

**सं0सं0–9 / विविध–13–01 / 2025(स्वा0) ...................../ पटना, दिनांकः–...............................**

डॉ० सोहन लाल, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भितिया, फुल्लीडुमर, बांका द्वारा आवेदन समर्पित कर अवगत कराया गया कि कि विभागीय अधिसूचना सं०–1017(2) दिनांक–11.09.2020 के द्वारा सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भितिया, फुल्लीडुमर, बांका के पद पर पदस्थापित किया गया है। जिसके अनुपालन में उक्त पद पर दिनांक–14.09.2020 को योगदान समर्पित किया गया है। विभागीय अधिसूचना सं०–1132(2) दिनाक–23.08.2024 के द्वारा उनकी प्रतिनियुक्ति रेफरल अस्पताल, अमरपुर, बांका किया गया। उनकी पत्नी के Severe Lower Back Pain, Spine Movement में परेशानी होने एवं दो जुडवा मासुम बच्चें के देख–भाल करने के कारण प्रतिनियुक्ति स्थान पर योगदान समर्पित नहीं किया गया। डॉ० लाल के द्वारा पूर्व पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने हेतु अनुरोध किया गया है।

2. डॉ० सोहन लाल द्वारा योगदान करने हेतु किये गये अनुरोध के समीक्षोपरांत डॉ० सोहन लाल का आवेदन को स्वीकार करते हुए पूर्व पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने का निर्णय लिया गया है।

3. सिविल सर्जन, बांका को निदेशित किया जाता है कि डॉ० सोहन लाल को निर्गत आदेश के आलोक में योगदान स्वीकार करते हुए उन्हें पूर्व पदस्थापित स्थान का प्रभार ग्रहण कराया जाय। डॉ० सोहन लाल का योगदान करने की सूचना अविलंब विभाग को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाय।

4. डॉ० सोहन लाल, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भितिया, फुल्लीडुमर, बांका के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए विहित प्रपत्र में आरोप पत्र गठित कर उपलब्ध कराया जाय।

5. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–

**(उपेन्द्र राम)**

**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक–9 / विविध–13–01 / 2025(स्वा0)** 171(9) **/ पटना, दिनांकः–** 25.2.25

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, (ले0 एवं हक0) बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, भागलपुर प्रमण्डल, भागलपुर/सिविल सर्जन, बांका को निदेशित किया जाता है कि डॉ० सोहन लाल के कर्त्तव्य पर योगदान करने से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

**प्रतिलिपिः**– डॉ० सोहन लाल, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भितिया, फुल्लीडुमर, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं बिहार पटना/अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग/प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 3, 7, 8, 17 एवं 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

25/02/2025

**सरकार के अवर सचिव।**